रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग III—खण्ड 4
PART III—Section 4
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 348] नई दिल्ली, सोमवार, अक्तूबर 19, 2015/आश्विन 27, 1937
No. 348] NEW DELHI, MONDAY, OCTOBER 19, 2015/ASVINA 27, 1937

भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण

अधिसूचना

हैदराबाद, 5 अक्तूबर, 2015

भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (सामान्य सेवा केन्द्रों द्वारा बीमा सेवाएँ) विनियम, 2015

फा. सं. भा.बी.वि.वि.प्रा./विनियम/16/106/2015.—बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण अधिनियम, 1999 (1999 का 41) की धाराओं 14 और 26 के साथ पठित धारा 2(1)(एफ) तथा बीमा अधिनियम, 1938 (1938 का 4) की धाराओं 42डी और 42ई के साथ पठित धारा 114ए की उप-धारा (2) (एस), (टी), (यू), (वी) और (वीबी) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्राधिकरण, बीमा सलाहकार समिति के साथ परामर्श करने के बाद, इसके द्वारा निम्नलिखित विनियम बनाता है, अर्थात्:-

1. संक्षिप्त नाम और प्रारंभः

1.1 ये विनियम भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (सामान्य सेवा केन्द्रों द्वारा बीमा सेवाएँ) विनियम, 2015 के नाम से जाने जाएँगे ।

1.2 ये विनियम सरकारी राजपत्र में इनके प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

अध्याय I

प्रारंभिक

2. परिभाषाएँ :

2.1 **"अधिनियम"** से समय-समय पर यथासंशोधित बीमा अधिनियम, 1938 (1938 का 4) अभिप्रेत है।

2.2 **"प्राधिकरण"** से बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण अधिनियम, 1999 (1999 का 41) की धारा 3 के उपबंधों के अधीन स्थापित भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण अभिप्रेत है।

2.3 **"सीएससी"** मेसर्स सीएससी ई-गवर्नैंस सर्विसेज़ इंडिया लिमिटेड द्वारा राष्ट्रीय ई-गवर्नैंस योजना के अंतर्गत स्थापित "सामान्य सेवा केन्द्र" अभिप्रेत है।

2.4 **"सीएससी-एसपीवी"** से सामान्य सेवा केन्द्रों (सीएससी) के नेटवर्क के माध्यम से भारत के नागरिकों के लिए सरकारी, निजी और सामाजिक क्षेत्र की सेवाओं के वितरण को सुसाध्य बनाने के लिए निगमित तथा इन विनियमों के अंतर्गत प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित मेसर्स सीएससी ई-गवर्नैंस सर्विसेज़ इंडिया लिमिटेड, विशेष प्रयोजन माध्यम (एसपीवी) अभिप्रेत है, जो अपने ग्राहकों की ओर से बीमा कंपनियों के साथ संविदाएँ (प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित विशिष्ट उत्पादों के अंतर्गत) करता है तथा सीएससी नेटवर्क के माध्यम से अन्य बीमा संबंधी सेवाएँ प्रस्तावित करता है।

स्पष्टीकरण: आईआरडीए अधिनियम, 1999 की धारा 2(1)(एफ) के प्रयोजनों के लिए सीएससी-एसपीवी एक "बीमा मध्यवर्ती" होगा।

2.5 **"सीएससी उत्पाद"** से वह उत्पाद अभिप्रेत है जिसका विपणन सीएससी मॉडल द्वारा किया जाता हो तथा जिसके पहले शब्द "सीएससी" रखा जाता हो ताकि उत्पाद का भेद स्पष्ट रूप से `विशिष्ट सीएससी उत्पाद' के रूप में प्रकट हो सके।

2.6 **"परीक्षा एजेंसी"** के अंतर्गत राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईईएलआईटी), इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रोद्योगिकी विभाग, भारत सरकार की एक स्वायत्त वैज्ञानिक सोसाइटी अथवा सीएससी-एसपीवी और ग्रामीण प्राधिकृत व्यक्तियों (आरएपी) के लिए परीक्षाएँ आयोजित करने के प्रयोजन के लिए प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित कोई अन्य एजेंसी शामिल है।

2.7 **"सीएससी-एसपीवी का प्रधान अधिकारी"** से सीएससी-एसपीवी के नियोजन के अधीन स्थित और सीएससी-एसपीवी के प्रधान अधिकारी के रूप में कार्य करने के लिए सीएससी-एसपीवी द्वारा नामित व्यक्ति अभिप्रेत है।

2.8 **"ग्रामीण प्राधिकृत व्यक्ति"** (आरएपी) सामान्य सेवा केन्द्र का परिचालन और प्रबंध करने के लिए सीएससी-एसपीवी द्वारा पंजीकृत और प्राधिकृत तथा प्राधिकरण द्वारा विनिर्दिष्ट रूप में प्रशिक्षण और परीक्षा सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित वैयक्तिक ग्राम-स्तरीय उद्यमी है।

2.9 **"राज्य द्वारा नामित एजेंसी"** (एसडीए) राज्य स्तर पर केंद्रीय (नोडल) एजेंसी है जो राज्य स्तर पर सीएससी परियोजना की प्रगति की निगरानी और पर्यवेक्षण के लिए संबद्ध है।

2.10 **"सेवा केन्द्र एजेंसी"** (एससीए) वह कार्यान्वयन एजेंसी है जो अपेक्षित निवेश बजट और सीएससी के कार्यात्मक विनिर्देश उपलब्ध कराते हुए; एक राज्य में जिलों के समूह को समाविष्ट करने के लिए उत्तरदायी है।

2.11 **"सेवा भागीदार एजेंसी"** में एसडीए अथवा एससीए अथवा भारत सरकार की सीएससी योजना के अंतर्गत कोई अन्य एजेंसी शामिल है।

2.12 **"अपेक्षा"** (सॉलिसिटेशन) इन विनियमों के प्रयोजन के लिए बीमा पॉलिसी खरीदने के लिए संभावित ग्राहक को समर्थ बनाने के उद्देश्य से आरएपी द्वारा संभावित ग्राहक से संपर्क के रूप में परिभाषित है तथा इसमें यदि संभावित ग्राहक बीमा पॉलिसी खरीदने का निर्णय करता है तो सहायता उपलब्ध कराना शामिल है।

2.13 **"ग्राम-स्तरीय उद्यमी"** (वीएलई) सामान्य सेवा केन्द्र का परिचालन करने के लिए पंजीकृत और प्राधिकृत व्यक्ति है, जो सीएससी मॉडल के अंतर्गत एससीए अथवा एसडीए अथवा सीएससी-एसपीवी द्वारा अनुमोदित रूप में सीएससी के दैनिक परिचालन संचालित करने का प्रभारी है।

2.14 इन विनियमों में प्रयुक्त और अपरिभाषित, परंतु समय-समय पर यथासंशोधित बीमा अधिनियम, 1938 (1938 का 4), बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण अधिनियम, 1999 अथवा उनके अधीन बनाये गये किसी भी विनियम/दिशानिर्देश में परिभाषित शब्दों और अभिव्यक्तियों के अर्थ वही होंगे जो उन अधिनियमों अथवा विनियमों अथवा दिशानिर्देशों में क्रमशः उनके लिए निर्धारित किये गये हैं।

अध्याय II

सीएससी-एसपीवी का पंजीकरण

3. पंजीकरण प्रदान करने के लिए आवेदनः

3.1 बीमा मध्यवर्ती के रूप में कार्य करने के लिए पंजीकरण प्राप्त करने का इच्छुक, सीएससी-एसपीवी, निम्नलिखित क्रियाविधि का अनुसरण करेगा –

(क) इन विनियमों में विनिर्दिष्ट रूप में फार्म ए में प्राधिकरण को आवेदन प्रस्तुत करेगा।

(ख) पंजीकरण प्रदान करने के लिए आवेदन के साथ पाँच हजार रुपये का वापस न करने योग्य आवेदन शुल्क और लागू कर विप्रेषित करेगा।

(ग) आवेदन फार्म-ए में उल्लिखित रूप में सभी आवश्यक दस्तावेज अनुसूची-I (भाग-I) में विनिर्दिष्ट योग्यता और उपयुक्तता (फिट एण्ड प्रोपर) मानदंडों को पूरा करनेवाले प्रधान अधिकारी से प्राप्त घोषणा के साथ प्रस्तुत करेगा।

3.2 कोई भी आवेदन जो सभी प्रकार से पूर्ण नहीं है और/या आवेदन फार्म में विनिर्दिष्ट अनुदेशों के अनुरूप नहीं है और/या अपेक्षाओं और/या प्राधिकरण के निदेशों का पालन नहीं करता है, अस्वीकृत किया जा सकता है। बशर्ते कि ऐसे किसी आवेदन को अस्वीकृत करने से पहले सीएससी-एसपीवी को आवेदन सभी प्रकार से पूर्ण करने और त्रुटियाँ, यदि कोई हों, तो उन्हें ठीक करने के लिए एक उपयुक्त अवसर दिया जाएगा।

4. सीएससी-एसपीवी को पंजीकरण प्रदान करना:

4.1 प्राधिकरण इस बात से संतुष्ट होने पर कि आवेदक ने पंजीकरण प्रदान करने के लिए विनिर्दिष्ट सभी शर्तों को पूरा करता है, फार्म-बी में पंजीकरण प्रदान करेगा और उसकी सूचना सीएससी-एसपीवी को प्रेषित करेगा।

4.2 पंजीकरण सीएससी-एसपीवी द्वारा शर्तों और अनुसूची IV में विनिर्दिष्ट रूप में आचरण-संहिता का पालन करने के अधीन जारी किया जाएगा।

4.3 प्राधिकरण द्वारा जारी किये गये सामान्य सेवा केन्द्रों संबंधी दिशा-निर्देशों के अधीन सीएससी-एसपीवी को प्रदान किया गया लाइसेंस उसकी समाप्ति तक वैध होगा तथा उसके बाद विनियम 3 के अनुसार पंजीकरण के लिए आवेदन किया जाएगा।

5. सीएससी-एसपीवी के पंजीकरण की वैधता की अवधि:

5.1 इन विनियमों के अधीन जारी किया गया पंजीकरण उसके निर्गम की तारीख से तीन वर्ष की अवधि के लिए वैध होगा, जब तक प्राधिकरण द्वारा उसे निलंबित अथवा निरस्त नहीं किया जाता।

5.2 पंजीकरण की समाप्ति के बाद सीएससी-एसपीवी को इस रूप में कार्य करने की अनुमति नहीं होगी, जब तक प्राधिकरण द्वारा उसकी नवीकरण नहीं किया जाता।

5.3 यदि सीएससी-एसपीवी का पंजीकरण निरस्त अथवा निलंबित किया जाता है अथवा उसका नवीकरण नहीं किया जाता, तो पॉलिसीधारकों को बीमाकर्ता द्वारा सेवा प्रदान की जाएगी।

6. सीएससी-एसपीवी के पंजीकरण के नवीकरण के लिए क्रियाविधि

6.1 सीँएससी-एसपीवी पंजीकरण की समाप्ति से कम से कम तीस दिन पहले फार्म-ए में प्राधिकरण को पंजीकरण के नवीकरण के लिए आवेदन प्रस्तुत करेगा। तथापि,सीएससी-एसपीवी को नवीकरण के लिए आवेदन पंजीकरण की समाप्ति से नब्बे दिन पहले प्रस्तुत करने की अनुमति है।

6.2 नवीकरण के लिए आवेदन फार्म के साथ सीएससी-एसपीवी द्वारा प्रस्तुत किये जानेवाले दस्तावेज नवीकरण आवेदन फार्म-ए में उल्लिखित हैं।

6.3 पंजीकरण के नवीकरण के लिए आवेदन केवल एक हजार रुपये के नवीकरण शुल्क और सेवा कर के साथ प्रस्तुत किया जाएगा। यदि पंजीकरण के नवीकरण के लिए आवेदन प्राधिकरण के पास उसकी समाप्ति की तारीख से कम से कम तीस दिन पहले नहीं पहुँचता अथवा उसकी वैधता समाप्त हो जाती है तो सीएससी-एसपीवी पाँच सौ रुपये का विलंब-शुल्क अदा करेगा। बशर्ते कि प्राधिकरण पूर्ववर्ती परंतुक द्वारा समाविष्ट न किये गये विलंब के लिए सीएससी-एसपीवी द्वारा प्रस्तुत किये गये पर्याप्त कारणों के लिए नवीकरण के लिए आवेदन की प्रस्तुति हेतु 30 दिन से अधिक विलंब को माफ कर सकता है तथा पंजीकरण की समाप्ति की तारीख के बाद नवीकरण के लिए आवेदन सीएससी-एसपीवी द्वारा केवल एक हजार रुपये के अतिरिक्त शुल्क का भुगतान करने पर स्वीकार कर सकता है।

6.4 प्राधिकरण सीएससी-एसपीवी से नवीकरण के लिए आवेदन पर कार्रवाई करने के लिए उपयुक्त समझी जानेवाली कोई अतिरिक्त सूचना/दस्तावेज माँग सकता है।

6.5 प्राधिकरण, इस बात से संतुष्ट होने पर कि सीएससी-एसपीवी पंजीकरण के नवीकरण के लिए विनिर्दिष्ट सभी शर्तों को पूरा करता है, फार्म-बी में पंजीकरण का नवीकरण करेगा।

6.6 पंजीकरण का नवीकरण तीन वर्ष की अवधि के लिए वैध होगा।

अध्याय III

बीमे की अपेक्षा (सॉलिसिटेशन) तथा सीएससी-एसपीवी और आरएपी के कार्य

7. अपेक्षा (सॉलिसिटेशन) के लिए नियुक्त व्यक्तिः

7.1 बीमा व्यवसाय की अपेक्षा के प्रयोजन के लिए ग्रामीण प्राधिकृत व्यक्ति (आरएपी) प्राधिकृत है।

7.2 सीएससी-एसपीवी अपनी ओर से नियोजित आरएपी द्वारा किये गये भूल-चूक के सभी कार्यों के लिए जिम्मेदार होंगे।

7.3 ग्रामीण प्राधिकृत व्यक्ति (आरएपी) के पास अनुसूची-I, भाग-III में विनिर्दिष्ट रूप में न्यूनतम योग्यता होगी।

7.4 आरएपी का प्रशिक्षण, परीक्षा और प्रमाणीकरण अनुसूची-I, भाग-IV में विनिर्दिष्ट रूप में होगा।

7.5 ग्रामीण प्राधिकृत व्यक्ति के लिए आचरण-संहिता अनुसूची-IV में निर्धारित है।

8. ग्रामीण प्राधिकृत व्यक्ति (आरएपी) द्वारा नये बीमा व्यवसाय के पंजीकरण को समर्थ बनानाः

8.1 सीएससी-एसपीवी का पोर्टल किसी आरएपी को केवल उक्त आरएपी द्वारा परीक्षा उत्तीर्ण करने, आरएपी को पंजीकरण प्राधिकारी द्वारा पंजीकरण प्रमाणपत्र जारी करने, तथा सीएससी-एसपीवी पोर्टल में उक्त पंजीकरण की संख्या और पंजीकरण की वैधता अवधि को अद्यतन करने के बाद ही सीएससी-एसपीवी के पोर्टल में बीमा व्यवसाय को पंजीकृत करने के लिए समर्थ बनायेगा।

8.2 यदि किसी सीएससी के मामले में वीएलई में कोई परिवर्तन है, तो नया वीएलई बीमा सेवा वीएलई के रूप में नियुक्ति की तारीख से कर सकता है। तथापि, उक्त वीएलई नये व्यवसाय को केवल इन विनियमों के विनियम 7 के अधीन उसको आवश्यक प्रमाणपत्र जारी किये जाने की तारीख से ही दर्ज कर सकता है।

9. सीएससी-एसपीवी के कार्यः सीएससी-एसपीवी के कार्य अनुसूची-II, भाग-I में दिये गये हैं।

10. आरएपी (ग्रामीण प्राधिकृत व्यक्ति के कार्य और दायित्वः

10.1 ग्रामीण प्राधिकृत व्यक्ति के कार्य अनुसूची-II, भाग-II में दिये गये हैं।

10.2 आरएपी से संबंधित दायित्व अनुसूची-II, भाग-III में दिये गये हैं।

11. सीएससी-एसपीवी और आरएपी द्वारा प्राप्त पारिश्रमिकः

11.1 आरएपी द्वारा पॉलिसियों की अपेक्षा के लिए, बीमाकर्ता द्वारा सीएससी-एसपीवी को देय पारिश्रमिक कमीशन अथवा पारिश्रमिक के भुगतान के संबंध में प्राधिकरण द्वारा जारी किये गये विनियमों के अनुसार होगा।

11.2 अन्य सेवाओं के लिए बीमाकर्ता द्वारा सीएससी-एसपीवी को देय पारिश्रमिक समय-समय पर बीमाकर्ता और सीएससी-एसपीवी के बीच परस्पर सहमत रूप में होगा।

11.3 सीएससी-एसपीवी, बीमाकर्ता से कोई भी पारिश्रमिक प्राप्त करने पर उसका कम से कम 80% संबंधित आरएपी को वितरित करेगा। एसडीए अथवा एससीए अथवा सेवा भागीदार एजेंसी जैसी संस्थाओं को पारिश्रमिक; भर्ती, सॉफ्टवेयर उपलब्ध कराने और उसे समर्थ बनाने, दैनंदिन कार्यों में आरएपी को मार्गदर्शन प्रदान करने और उसकी निगरानी करने के लिए शुल्क हेतु अधिकतम 8% की राशि प्रतिधारित करने के बाद बीमाकर्ता के साथ किये गये करार के अनुसार होगा।

11.4 सीएससी-एसपीवी को अदा किया जानेवाला कमीशन अथवा पारिश्रमिक, यदि कोई हो, नीचे दिये गये द्विभाजन (बाइफ़रकेशन) के अनुसार होगाः

(क) नये व्यवसाय की अपेक्षा और प्रापण के लिए सीएससी-एसपीवी को कमीशन।

(ख) पॉलिसी की विक्रय के बाद की सेवा के लिए सेवा प्रभार।

11.5 सीएससी-एसपीवी बीमाकर्ताओं के साथ करार करेगा तथा करार में सीएससी मॉडल में विभिन्न संस्थाओं को पारिश्रमिक के प्रतिशत और वितरण की पद्धति का स्पष्ट रूप से उल्लेख करेगा।

11.6 सीएससी-एसपीवी के पारिश्रमिक के संबंध में बीमाकर्ताओं द्वारा खातों का निपटान मासिक आधार पर किया जाएगा तथा यह सुनिश्चित किया जाएगा कि बकाया शेषराशियों का प्रति-निपटान (क्रॉस सेटिलमेंट) न हो।

12. सीएससी-एसपीवी में ऑन-बोर्डिंग प्रभारः बीमाकर्ता खुदरा (रिटेल) बीमा पॉलिसियों की कुछ श्रेणियों का विपणन केवल व्यक्तियों के लिए ही कर सकते हैं तथा बीमा संबंधी सेवाओं का प्रस्ताव सीएससी के माध्यम से कर सकते हैं। अनुमति-प्राप्त ऑन-बोर्डिंग प्रभार निम्नानुसार होंगेः

12.1 प्रत्येक बीमाकर्ता, जिसने सीएससी के माध्यम से अपने बीमा उत्पाद के वितरण के लिए सीएससी-एसपीवी के साथ करार किया हो, से बीस लाख रुपये के प्रारंभिक अंशदान के साथ सीएससी- एसपीवी ऑन-बोर्डिंग आधारभूत (कॉर्पस)निधि स्थापित की जाएगी।

12.2 करार पर हस्ताक्षर करनेवाला बीमाकर्ता चार तिमाहियों में समान रूप से किस्त अदा करेगा।

12.3 उक्त ऑन-बोर्डिंग कॉर्पस निधि का अनुरक्षण जीवन बीमा परिषद द्वारा परिचालित "सीएससी-एसपीवी ऑन-बोर्डिंग कॉर्पस निधि" कहलानेवाले एक "निलंब खाते" (एस्क्रो अकाउंट) में किया जाएगा। 12.4 सक्रिय किये गये प्रति सीएससी ऑन-बोर्डिंग प्रभारों के लिए नियत राशि पाँच हजार रुपये होगी जिसमें समय-समय पर संशोधन किया जा सकता है।

12.5 सीएससी-एसपीवी जीवन बीमा परिषद् और साधारण बीमा परिषद् को बीमा परिचालन करने के लिए सक्रिय किये गये सीएससी की सूची प्रस्तुत करेगा तथा ऑन-बोर्डिंग प्रभारों के निर्मोचन की माँग करेगा। सूचना और पारदर्शिता के लिए यह सूची उक्त परिषदों की वेबसाइट पर उपलब्ध कराई जाएगी।

12.6 जीवन और साधारण बीमा परिषदें उक्त "सीएससी-एसपीवी ऑन-बोर्डिंग कॉर्पस निधि" के संबंध में अलग लेखा-कूट और खाता-बहियाँ रखेंगे जिनके संबंध में वार्षिक रूप से निरीक्षण प्राधिकरण द्वारा किया जाएगा और जिनकी लेखा-परीक्षा एक अर्हता-प्राप्त लेखा-परीक्षक द्वारा की जाएगी।

13. सीएससी मॉडल के अंतर्गत अनुमति-प्राप्त उत्पादः

13.1 बीमाकर्ता केवल सीएससी मॉडल के माध्यम से विपणन किये जानेवाले बीमा उत्पाद विकसित करेंगे तथा अनुमोदन के लिए प्राधिकरण के पास ऐसे उत्पादों को दाखिल (फाइल) करेंगे।

13.2 सीएससी मॉडल के लिए विकसित किये गये उत्पादों के संबंध में बीमित राशि (प्रति जीवन अथवा जोखिम) मोटर बीमा को छोड़कर दो लाख रुपये से अधिक नहीं होगी। सीएससी मॉडल के लिए प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित ऐसे उत्पादों का विपणन केवल सीएससी मॉडल के माध्यम से ही किया जाएगा।

13.3 सीएससी मॉडल के लिए विकसित किये गये बीमा उत्पादों के लिए प्रकार, प्रक्रिया और शर्तें अनुसूची-III में दी गई हैं।

14. सीएससी-एसपीवी और बीमाकर्ता के बीच करारः बीमाकर्ताओं और सीएससी-एसपीवी के बीच एक करार अथवा सेवा स्तरीय करार अथवा सहमति ज्ञापन किया जाएगा। उक्त करार में सीएससी-एसपीवी की कार्यविधियों और अन्य कार्यों को निम्नानुसार शामिल किया जाएगाः

14.1 निम्नलिखित के लिए कार्यविधियाः

(क) अनुमोदित बीमा उत्पादों के वितरण के लिए आरएपी को समर्थ अथवा असमर्थ बनाने के लिए।

(क) आरएपी के लेन-देनों और कार्यकलापों का पता लगाने और उनकी निगरानी करने के लिए।

(ख) सीएससी-एसवीपी द्वारा आबंटित विशिष्ट कूट को सम्मिलित करने के लिए।

(ग) ग्राहक की आधार संख्या और नामांकन को सम्मिलित करने के लिए।

(घ) आरएपी द्वारा बीमाकर्ता को प्रस्ताव का डेटा, दावा संबंधी डेटा और किसी भी अन्य सूचना की सॉफ्ट प्रति भेजने के लिए।

(ङ) बीमाकर्ता द्वारा आरएपी को पूरी की गई पॉलिसी संबंधी डेटा, दावा संबंधी डेटा और किसी भी अन्य सूचना की सॉफ्ट प्रति भेजने के लिए।

(च) बीमाकर्ता को बीमाकृत व्यक्ति के दावों से संबंधित सॉफ्ट फाइलें और दस्तावेज भेजने के लिए।

(छ) बीमाकर्ताओं को दावों से संबंधित दस्तावेजों की हार्ड प्रति भेजने के लिए।

(ज) बीमाकर्ता द्वारा एक सुरक्षित पद्धति में डेटा का अनुरक्षण करने के लिए।

(झ) बीमाकर्ता द्वारा एक सुरक्षित पद्धति में डेटा को अद्यतन करने और प्रेषण करने के लिए।

14.2 एकरूपता बनाये रखने के लिए सभी बीमाकर्ताओं द्वारा आरएपी की पैन संख्या का उपयोग किया जा सकता है।

14.3 खोज-कूट (ट्रैकिंग कोड) बीमाकर्ताओं और सीएससी-एसपीवी द्वारा परस्पर सहमति द्वारा तय किया जा सकता है।

14.4 सीएससी-एसपीवी के माध्यम से विपणन किये जानेवाले उत्पादों की सूची।

14.5 दोनों सीएससी-एसपीवी स्तर पर और बीमाकर्ता के स्तर पर एक सशक्त शिकायत निवारण प्रणाली स्थापित की जानी चाहिए। बीमाकर्ताओं को चाहिए कि वे प्रत्येक तिमाही में प्राधिकरण को एक शिकायत निवारण विश्लेषण रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

14.6 एससी-एसपीवी और बीमाकर्ता पॉलिसीधारकों को आरएपी द्वारा प्रदान की जानेवाली सेवाओं में, पंजीकृत आरएपी के साथ किये गये करार की समाप्ति के बाद भी निरंतरता को सुनिश्चित करने के लिए उपयुक्त प्रणाली विकसित करेंगे।

14.7 सीएससी-एसपीवी द्वारा बीमाकर्ता से प्राप्त पारिश्रमिक के वितरण की विधि नियमन 11 में उल्लिखित है।

14.8 सेवा भागीदार एजेंसी सहित, करार के पक्षकारों की भूमिकाएँ और दायित्व।

14.9 सीएससी-एसपीवी और आरएपी की आचरण-संहिता अनुसूची-IV में विनिर्दिष्ट की गई है।

15. बीमाकर्ता के दायित्वः बीमाकर्ता के लिए विनिर्दिष्ट दायित्व अनुसूची-V में दिये गये हैं।

16. प्राधिकरण को प्रस्तुत की जानेवाली रिपोर्टः बीमाकर्ता और सीएससी-एसपीवी यहाँ नीचे विनिर्दिष्ट रूप में प्राधिकरण को आवधिक रिपोर्टें प्रस्तुत करेंगे।

16.1 सीएससी-एसपीवी प्राधिकरण को फार्म-डी, फार्म-ई, फार्म-एफ में तिमाही रिपोर्ट तथा बीमा संबंधी कार्यकलापों के संबंध में प्राधिकरण द्वारा अपेक्षित की जानेवाली कोई भी अन्य विवरणी प्रस्तुत करेगा।

16.2 बीमाकर्ता प्राधिकरण को फार्म-जी में छमाही रिपोर्ट तथा आरएपी के माध्यम से प्राप्त किये जानेवाले व्यवसाय के संबंध में प्राधिकरण के द्वारा अपेक्षित की जानेवाली कोई भी अन्य विवरणी प्रस्तुत करेंगे।

17. निरीक्षण करने के लिए प्राधिकरण का अधिकारःप्राधिकरण सीएससी-एसपीवी के कार्यकलापों का पता लगाने के लिए सीएससी-एसपीवी अथवा सीएससी के परिसर का, एवं इन दिशानिर्देशों में विनिर्दिष्ट किसी भी प्रयोजन के लिए सीएससी-एसवीपी और आरएपी की खाता-बहियों, अभिलेखों और दस्तावेजों का भी निरीक्षण करने के लिए तथा निम्नलिखित प्रयोजनों के लिए निरीक्षण प्राधिकारी के रूप में अपने एक अथवा उससे अधिक अधिकारियों को नियुक्त कर सकता है;

(क) अधिनियम, नियमों और विनियमों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए;

(ख) आरएपी अथवा सीएससी-एसपीवी के कार्यकलापों से संबंधित किसी भी विषय में बीमाकृत व्यक्ति, अथवा बीमाकर्ता, अथवा किसी अन्य व्यक्ति से प्राप्त शिकायतों की जाँच करने के लिए; तथा

(ग) बीमा व्यवसाय के समुचित विकास के हित में अथवा पॉलिसीधारकों के हित मेंस्वप्रेरणा से अपने आप आरएपी अथवा सीएससी-एसवीपी के कार्यों की जाँच करने के लिए।

अध्याय IV

18. अनुशासनिक कार्यवाही के लिए क्रियाविधिः- सीएससी-एसपीवी और आरएपी द्वारा आईआरडीएआई अधिनयिम, विनियमों, दिशानिर्देशों, परिपत्रों, अधिसूचनाओँ के किसी भी उपबंध का उल्लंघन किये जाने की स्थिति में प्राधिकरण द्वारा अनुसरण की जानेवाली क्रियाविधि इन विनियमों की अनुसूची VI में विनिर्दिष्ट रूप में होगी।

19. सीएससी-एसपीवी और आरएपी के पंजीकरण का निलंबन अथवा निरस्तीकरण :

पंजीकरण के निलंबन अथवा निरस्तीकरण इन विनियमों की अनुसूची VI में दिये गये रूप में होगी।

20. स्पष्टीकरण जारी करने के लिए प्राधिकरण का अधिकारः इन विनियमों के किसी भी उपबंध को लागू करने अथवा उसका अर्थनिर्णय करने के संबंध में किसी भी कठिनाई को दूर करने के लिए प्राधिकरण का अध्यक्ष समय-समय पर उपयुक्त स्पष्टीकरण जारी कर सकता है।

<u>अनुसूचियाँ और फ़ार्म</u>

अनुसूची-I

भाग-I

प्रधान अधिकारी के लिए योग्यता और उपयुक्तता (फिट एण्ड प्रोपर) मानदंड

[विनियम 3.1(ग)]

(1) पंजीकरण की अपेक्षा करनेवाले सीएससी-एसपीवी के प्रधान अधिकारी को `योग्य और उपयुक्त व्यक्ति' के रूप में माना जाएगा यदि वह उन शर्तों को पूरा करता है, जिनमें निम्नलिखित शामिल हैं, परंतु जो निम्नलिखित मानदंडों तक ही सीमित नहीं हैं-

(क) वित्तीय सत्यनिष्ठा से संबद्ध कोई अपराध नहीं किया है;

(ख) किसी आपराधिक दुर्व्यवहार अथवा नागरिक दायित्व के लिए दोषी नहीं ठहराया गया है;

(ग) अपेक्षित अर्हताएँ और अनुभव रखता है;

(घ) अच्छा पिछला (ट्रैक) रिकॉर्ड रखता है;

(ङ) अधिनियम में निर्धारित रूप में बीमा मध्यवर्ती के रूप में कार्य करने के लिए किसी अनर्हता से ग्रस्त नहीं है।

भाग-II

सीएससी-एसवीपी के लिए पात्रता मानदंड (विनियम 2.4)

(1) वह भारत सरकार द्वारा स्थापित होनी चाहिए

(2) वह राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस योजना (एनईजीपी) के अधीन होना चाहिए

भाग-III

ग्रामीण प्राधिकृत व्यक्ति (आरएपी) की योग्यता (विनियम 7.3)

(1) किसी मान्यताप्राप्त बोर्ड/संस्था से 10वीं कक्षा अथवा समकक्ष परीक्षा में उत्तीर्ण हो।

(2) कंप्यूटर अनुप्रयोगों/परिचालनों का न्यूनतम ज्ञान हो।

(3) समय-समय पर प्राधिकरण द्वारा मान्यताप्राप्त किसी संस्था से कम से कम 20 घंटे का सैद्धांतिक प्रशिक्षण पूरा कर चुका हो।

(4) उपर्युक्त प्रशिक्षण की अवधि के अंत में एनआईईएलआईटी (राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान) अथवा समय-समय पर प्राधिकरण द्वारा मान्यताप्राप्त किसी अन्य परीक्षा निकाय द्वारा आयोजित परीक्षा उत्तीर्ण की हो।

(5) उपर्युक्त प्रशिक्षण के लिए निर्धारित पाठ्यक्रम में समय-समय पर प्राधिकरण द्वारा विनिर्दिष्ट रूप में बीमा सिद्धांत और व्यवहार, बीमे के कानूनी पहलू; एएमएल/पीएमएल और केवाईसी, साधारण बीमा और जीवन बीमा सम्मिलित होंगे।

भाग-IV

ग्रामीण प्राधिकृत व्यक्ति (आरएपी) का प्रशिक्षण और पद्धति, परीक्षा और प्रमाणीकरण (विनियम 7.4)

प्रशिक्षण और पद्धतिः-

(1) वीएलई विनिर्दिष्ट पाठ्यक्रम में बताये गये विषयों को समाविष्ट करते हुए 20 घंटे का प्रशिक्षण प्राप्त करेगा।

(2) प्रशिक्षण सामग्री और स्व-मूल्यांकन की विषय-वस्तु डाउनलोड करने योग्य डिजिटल फार्मेट में होगी तथा सीएससी-एसपीवी अथवा समय-समय पर प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित किसी अन्य संस्था द्वारा एक उपयुक्त शिक्षण प्रबंध प्रणाली के अंतर्गत उपलब्ध रखी जाएगी।

(3) उक्त स्व-मूल्यांकन परीक्षाएँ बहु-विकल्पी मॉडलों में होंगी।

(4) वीएलई सीएससी-एसपीवी द्वारा अभिकल्पित शिक्षण प्रबंध प्रणाली की वेबसाइट पर पंजीकृत होगा तथा प्रशिक्षण पूरा करेगा।

(5) वीएलई उक्त डिजिटल प्रशिक्षण विषय-वस्तु को अपने निजी कंप्यूटर अथवा लैपटॉप में डाउनलोड करेगा तथा स्व-शिक्षण मॉड्यूलों को पूरा करेगा। इस संबंध में, सीएससी-एसपीवी आवश्यक प्रमाण पत्र जारी करेगा।

(6) प्रत्येक मॉड्यूल के अंत में वीएलई स्व-मूल्यांकन परीक्षा को पूरा करेगा। उक्त शिक्षण प्रबंध प्रणाली वीएलई को प्रति दिन दो से अधिक स्व-मूल्यांकन परीक्षाएँ पूरी करने की अनुमति नहीं देगी।

(7) प्रत्येक मॉड्यूल के लिए स्व-मूल्यांकन परीक्षा पूरी करने पर उम्मीदवार एक घंटे का प्रशिक्षण श्रेय (क्रेडिट) अर्जित करेगा।

(8) वीएलई 20 घंटे के प्रशिक्षण हेतु क्रेडिट अर्जित करने के लिए सभी 20 स्वयं-शिक्षण मॉड्यूल और स्व-मूल्यांकन परीक्षाएँ ऑनलाइन पूर्ण करेगा।

परीक्षा और प्रमाणीकरणः-

(1) आरएपी की उक्त ऑनलाइन परीक्षा एनआईईएलआईटी अथवा समय-समय पर प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित किसी अन्य संस्था द्वारा भारत भर में व्याप्त अपने केन्द्रों में आयोजित की जाएगी।

(2) प्रशिक्षण पूरा करने और 20 घंटे का प्रशिक्षण क्रेडिट अर्जित करने पर वीएलई उक्त ऑनलाइन परीक्षा में उपस्थित होने के लिए पात्र होगा।

(3) उक्त ऑनलाइन परीक्षा की आवधिकता का निर्णय प्राधिकरण द्वारा आवश्यकताओं के आधार पर, परीक्षा आयोजित करनेवाली संबंधित संस्था के साथ परामर्श करने के बाद किया जाएगा।

(4) परीक्षा के प्रश्न उत्तरों के बहु-विकल्पों के साथ प्रदर्शित किये जाएँगे।

(5) उक्त ऑनलाइन परीक्षा के लिए प्रश्नों की संख्या 40 होगी और परीक्षा 60 मिनट की अवधि की होगी।

(6) प्रत्येक प्रश्न के लिए 2.5 अंक होंगे तथा परीक्षा 100 अंकों के लिए होगी। परीक्षा उत्तीर्ण करने के लिए परीक्षार्थी को कम से कम 35 अंक प्राप्त करने होंगे।

(7) गलत उत्तरों के लिए कोई ऋणात्मक (नेगेटिव) अंक नहीं होंगे।

(8) वीएलई द्वारा परीक्षा में उपस्थित होने के लिए प्रयासों की संख्या की कोई सीमा नहीं होगी।

(9) वीएलई को प्रशिक्षण और परीक्षा के लिए संबंधित संस्था को प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित रूप में उपयुक्त शुल्क अदा करना होगा।

(10) परीक्षा उत्तीर्ण करने पर परीक्षक संस्था वीएलई द्वारा परीक्षा में उत्तीर्णता को विधिमान्य करते हुए एक प्रमाणपत्र जारी करेगा।

(11) प्रशिक्षण की समाप्ति और परीक्षा में उत्तीर्णता का प्रमाणीकरण केवल उसी अवधि के दौरान वैध होगा जिस अवधि के दौरान आरएपी को सीएससी के परिचालनों का प्रबंध करने के लिए प्राधिकृत किया जाता है। जैसे ही आरएपी की सेवाएँ सीएससी-एसपीवी अथवा उसकी प्राधिकृत सेवा भागीदार एजेंसी द्वारा समाप्त की जाती हैं अथवा निलंबित की जाती हैं, तब उक्त प्रमाणपत्र वैध नहीं होगा।

ऑनलाइन परीक्षाः

(1) ऑनलाइन परीक्षा प्राधिकृत संस्थाओं द्वारा आयोजित की जाएगी और परिणाम सीएससी-एसपीवी की वेबसाइट पर प्रकाशित किये जाएँगे तथा उनकी प्रति प्राधिकरण को भेजी जाएगी।

(2) वीएलई जो परीक्षा में `उत्तीर्ण' घोषित किये जाते हैं, उन्हें बीमा व्यवसाय की अपेक्षा करने के लिए एक प्रमाणपत्र जारी किया जाएगा तथा उनके संबंध में `सीएससी मॉडल के अंतर्गत बीमा व्यवसाय प्राप्त करने के लिए प्रमाणित' के रूप में उल्लिखित किया जाएगा।

(3) बीमाकर्ता केवल ऐसे ही आरएपी के नये व्यवसाय को पंजीकृत करेंगी जिन्हें सीएससी-एसपीवी के पोर्टल में "सीएससी मॉडल के अंतर्गत बीमा व्यवसाय प्राप्त करने के लिए प्रमाणित" के रूप में सूचीबद्ध किया गया हो। बीमाकर्ता किसी भी परिस्थिति में ऐसे आरएपी से नये व्यवसाय को पंजीकृत नहीं करेंगी जो बीमा व्यवसाय करने के लिए परीक्षक संस्था द्वारा "प्रमाणित नहीं" किया गया हो।

अनुसूची-II

भाग-I

सीएससी-एसपीवी के कार्य (विनियम 9)

(क) सीएससी-एसपीवी, एक बीमा मध्यवर्ती के रूप में प्राधिकरण से वैध पंजीकरण किये जाने के बाद इन विनियमों के विनियम 14 में विनिर्दिष्ट रूप में बीमाकर्ता के साथ करार कर सकता है।

(ख) सीएससी-एसपीवी अनुसूची-I में विनिर्दिष्ट रूप में निर्धारित प्रशिक्षण और प्रमाणीकरण प्राप्त करने के लिए वीएलई की सहायता करेगा।

(ग) सीएससी-एसपीवी वीएलई के क्षेत्र परिचालनों में अपने द्वारा उपयुक्त समझी जानेवाली परिचालनगत और विपणन की सहायता तथा मार्गदर्शन प्रदान करते हुए, आरएपी के प्रशिक्षण में सेवा भागीदार एजेंसी का सहयोग प्राप्त कर सकता है। बीमाकर्ताओं के साथ किये गये करार में सूचीबद्ध सहयोग का विवरण विनिर्दिष्ट किया जाएगा।

(घ) प्रशिक्षण की सफलतापूर्वक समाप्ति और निर्धारित परीक्षा में उत्तीर्णता के बाद तथा वीएलई को परीक्षक संस्था द्वारा जारी किये गये प्रमाणपत्र के आधार पर सीएससी-एसपीवी अनुमोदित बीमा उत्पादों की अपेक्षा करने के लिए आरएपी को प्राधिकृत करते हुए आरएपी के साथ एक करार करेगा।

(ङ) सीएससी-एसपीवी आरएपी के साथ किये गये करार में, आरएपी के लिए निर्धारित आचरण-संहिता सहित, इन विनियमों के अनुपालन के लिए प्राधिकरण द्वारा निर्धारित रूप में संबंधित शर्तें और खंड शामिल करेगा।

(च) सीएसपी-एसपीवी आरएपी के कार्यकलापों की निरंतर निगरानी सुनिश्चित करेगा तथा आरएपी द्वारा इन विनियमों और आचरण-संहिता के अनुपालन के लिए जिम्मेदार होगा।

(छ) सीएससी-एसपीवी प्रत्येक बीमाकर्ता के साथ किये गये करार की प्रति बनाये रखेगा।

भाग-II

आरएपी (ग्रामीण प्राधिकृत व्यक्ति) के कार्य (विनियम 10.1)

आरएपी के बीमा संबंधी कार्यों में निम्नलिखित शामिल होंगेः

(क) बीमे की आवश्यकता के आधार पर पॉलिसी का चयन करने के लिए संभावित ग्राहकों की सहायता करना।

(ख) बीमा किये जानेवाले प्रस्तावकों/व्यक्तियों/जोखिमों तथा सुरक्षा की आवश्यकताओँ से संबंधित विस्तृत सूचना प्राप्त करना तथा उपयुक्त बीमा रक्षा संबंधी परामर्श देना।

(ग) बीमाकर्ता को आयु, आय, परिवार का चिकित्सा से संबंधित पूर्ववृत्त, कोई आक्रांत बीमारी जैसी जोखिम-अंकन संबंधी सूचना तथा जोखिम का निर्धारण करने में अपेक्षित रूप में ऐसी अन्य जानकारी उपलब्ध कराना।

(घ) ग्राहक से अनुदेश प्राप्त होने पर तत्परतापूर्वक कार्य करना और उसको लिखित प्राप्ति-स्वीकृतियाँ तथा प्रस्ताव की स्वीकृति और दावों के निपटान की स्थिति के संबंध में सूचना उपलब्ध कराना।

(ङ) समय-समय पर यथासंशोधित बीमा अधिनियम, 1938 की धारा 64वीबी का अनुपालन करते हुए प्रीमियम का भुगतान करने में ग्राहकों की सहायता करना।

(च) नामांकन, समनुदेशन और पॉलिसी संबंधी अन्य सेवाएँ कार्यान्वित करने में ग्राहकों को परामर्श देना और उनकी सहायता करना तथा निवासीय पते में परिवर्तन, नामांकन में परिवर्तन, वाहन की बिक्री आदि जैसे परिवर्तनों के बारे में बीमाकर्ताओं को सूचित करना। यदि अपेक्षित हो तो पॉलिसी दस्तावेज को अद्यतन करने और उनमें आवश्यक पृष्ठांकन (इंडार्समेंट) करवाने की व्यवस्था करना।

(छ) दावा फार्म भरने में बीमाकृत व्यक्ति की सहायता करने के द्वारा दावा निपटान प्रक्रिया में सहयोग करना और उसे सुसाध्य बनाना, बीमाकर्ताओं द्वारा दावों के निपटान के लिए आवश्यक मृत्यु प्रमाणपत्र, नामांकन, समनुदेशन, और ऐसे अन्य दस्तावेजों की प्रतियाँ संगृहीत करना।

(ज) नवीकरण प्रीमियम के भुगतान के बारे में ग्राहकों को सूचित करना तथा यदि बीमाकर्ता उक्त सेवाएँ बाह्य स्रोत से प्राप्त करता हो तो बीमाकर्ताओं की ओर से ग्राहकों को पॉलिसी नवीकरण नोटिस प्रेषित करना।

(झ) समय-समय पर प्राधिकरण द्वारा जारी किये गये एएमएल/केवाईसी संबंधी दिशानिर्देशों का पालन करना।

(ञ) पॉलिसी संबंधी सुचारु और प्रभावी सर्विसिंग के लिए अपेक्षित अन्य सभी ग्राहक केन्द्रित सेवाएँ।

भाग-III

ग्रामीण प्राधिकृत व्यक्ति (आरएपी) के दायित्व (विनियम 10.2)

(1) सीएससी-एसपीवी और आरएपी के बीच करार में निम्नलिखित विषय शामिल होंगेः

(क) आरएपी के लिए आचरण-संहिता।

(ख) विनियामक उपबंधों, अनुपालनों, प्रकटीकरणों, व्यवसाय के नैतिक आचरण और समय-समय पर प्राधिकरण द्वारा जारी किये गये विशिष्ट अनुदेशों का पालन।

(ग) आईआरडीए अधिनियम, 1999 के उपबंधों का पालन।

(2) उपर्युक्त विनियम 10.2 के संदर्भ के अधीन, आरएपी को भी उसके द्वारा किये गये बीमा व्यवसाय संबंधी लेन-देनों में भूल-चूक के किसी भी कार्य के लिए जिम्मेदार ठहराया जाएगा।

(क) बीमा व्यवसाय की अपेक्षा करने और दावों से संबंधित सेवा उपलब्ध कराने की प्रक्रिया में आरएपी केवाईसी मानदंडों, एएमएल दिशानिर्देशों, तथा विनियमों, प्रकटीकरण मानदंडों, एवं इस संबंध में समय-समय पर प्राधिकरण द्वारा जारी किये गये दिशानिर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करेगा।

(ख) आरएपी को सीएससी मॉडल को छोड़कर किसी अन्य व्यक्ति, संगठन, अथवा बीमाकर्ता की ओर से किसी भी पद्धति में अपनी व्यक्तिगत हैसियत से बीमे की अपेक्षा करने और बीमा व्यवसाय से संबंधित कोई भी अन्य सेवा प्रस्तावित करने से वर्जित किया गया है।

(ग) आरएपी बीमे से संबंधित कार्यकलापों के अभिलेखों और रिपोर्टों का अनुरक्षण सीएससी-एसपीवी के साथ किये गये नियुक्ति करार में विनिर्दिष्ट तरीके से करेगा।

(घ) बीमाकर्ता और सीएससी-एसपीवी के बीच करार में विनिर्दिष्ट रूप में पारिश्रमिक को छोड़कर आरएपी बीमाकर्ताओं से कोई भी अन्य भुगतान स्वीकार नहीं करेगा।

(3) प्रत्येक आरएपी उसके माध्यम से पहले से प्राप्त बीमा व्यवसाय को सुरक्षित रखने की दृष्टि से पॉलिसीधारक को उचित सूचना देते हुए निर्धारित समय के अंदर पॉलिसीधारकों द्वारा प्रीमियमों का विप्रेषण सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करेगा।

अनुसूची-III
सीएससी मॉडल के अंतर्गत जीवन और साधारण बीमा उत्पादों के लिए प्रकार, क्रियाविधि और शर्तें (विनियम 13.3)

1. जीवन बीमा

बीमाकर्ता निम्नलिखित का पालन करेगीः

(1) सीएससी मॉडल के माध्यम से विपणन किये जानेवाले उत्पाद के प्रारंभ में शब्द "सीएससी" रखा जाएगा ताकि इस उत्पाद का भेद स्पष्ट रूप से `विशिष्ट सीएससी उत्पाद' के रूप में प्रकट हो सके।

(2) प्रत्येक बीमाकर्ता इस सरणी के अंतर्गत वितरण के लिए उक्त उत्पादों को वर्तमान फाइल एण्ड यूज़ प्रक्रिया के अंतर्गत दाखिल (फाइल) करेगा। बीमाकर्ता इस वितरण माध्यम के अंतर्गत उत्पादों को फाइल करने के लिए निम्नलिखित अतिरिक्त अपेक्षाओं का ध्यान रखेगाः

(क) नाम उपर्युक्त (1) में विनिर्दिष्ट रूप में हो।

(ख) सीएससी केन्द्र में ऑनलाइन ई-प्रस्ताव फार्म की प्रति का उपयोग आधार की पहचान के साथ किया जाएगा।

(ग) पॉलिसी दस्तावेज की प्रति का मुद्रण सीएससी केन्द्र में ई-पॉलिसी मुद्रांकन/ई-हस्ताक्षर आदि के साथ ए4 स्टेशनरी में किया जाएगा।

(घ) पॉलिसी सर्विसिंग नियम-पुस्तक (मैनुअल) की प्रति का प्रयोग निम्नलिखित जैसे फार्मों के साथ किया जाएगा-

(i) नामांकन फार्म

(ii) नामांकन फार्म में परिवर्तन

(iii) समनुदेशन फार्म

(iv) पुनःप्रवर्तन (रिवाइवल) फार्म

(v) आंशिक आहरण फार्म

(vi) उत्तरजीविता लाभ फार्म/मृत्यु पर दावा फार्म

(vii) परिपक्वता पर दावा फार्म

(viii) प्राधिकरण के पास फाइल किये गये प्रत्येक उत्पाद के लिए पॉलिसी की सर्विसिंग हेतु बीमाकर्ता द्वारा अपेक्षित किया जानेवाला कोई भी अन्य फार्म

(3) सीएससी-एसपीवी बीमाकर्ता को विभिन्न सेवाएँ करार के अनुसार उपलब्ध कराएँगे, जहाँ सेवाएँ प्राधिकरण द्वारा जारी किये गये आउटसोर्सिंग संबंधी दिशानिर्देशों का अनुपालन करते हुए होंगी। प्रत्येक उत्पाद के लिए फाइल एण्ड यूज़ आवेदन में उत्पाद के लिए लागू प्रत्येक सेवा के लिए सेवा प्रभार विनिर्दिष्ट किये जाएँगे।

(4) बीमाकर्ताओं को प्रस्ताव फार्म पर बीमाकृत व्यक्ति/पॉलिसीधारक के जीवमितीय (बायोमेट्रिक) अंगूठा निशान तथा प्रस्ताव फार्म पर आर्द्र (वेट) हस्ताक्षर प्राप्त करने के स्थान पर बायोमेट्रिक आईआरआईएस, प्रस्ताव फार्म के संबंध में उसकी सहमति के रूप में स्वीकार करने की अनुमति होगी।

(5) सीएससी को बीमाकर्ताओं की ओर से ऐसे उत्पादों के लिए विधिमान्य पॉलिसी के प्रमाण के रूप में एक सादा ए4 आकार के कागज पर पॉलिसी प्रलेख को मुद्रित करने की अनुमति होगी।

(6) बीमाकर्ता को पॉलिसी दस्तावेज अर्थात् ई-पॉलिसी को डीमैट रूप में किसी भी पंजीकृत बीमा आधान (रिपोज़िटरी) में सुरक्षित रखने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

(7) प्रत्येक बीमाकर्ता उत्पाद को फाइल करने के समय बीमाकर्ता के बोर्ड अथवा बोर्ड द्वारा प्रत्यायोजित जोखिम समिति द्वारा अनुमोदित सीएससी के माध्यम से वितरित पॉलिसी के लिए "पॉलिसी सेवा नियम-पुस्तक (मैनुअल)" भी फाइल करेगा जिसमें निम्नलिखित शामिल होंगेः

(i) सीएससी द्वारा उपलब्ध कराई जानेवाली प्रत्येक सेवा के लिए अनुसरण की जानेवाली प्रक्रिया का विवरण,

(ii) पॉलिसी सर्विसिंग पूरी करने के लिए बीमाकर्ता द्वारा अनुसरण की जानेवाली तदनुरूपी क्रियाविधि,

(iii) सेवा की प्रत्येक श्रेणी के लिए प्रतिवर्तन काल (टर्नअराउंड टाइम्स),

(iv) सेवा की प्रत्येक श्रेणी के लिए सेवा प्रभार,

(v) पॉलिसी सर्विसिंग के विवरण में निम्नलिखित शामिल हो सकते हैः

(क) पॉलिसी के मुद्रण के लिए प्रक्रिया

(ख) पृष्ठांकन (इंडोर्समेंट) के मुद्रण के लिए प्रक्रिया

(ग) प्रीमियमों के संग्रहण और बीमाकर्ताओं को विप्रेषण के लिए प्रक्रिया

(घ) पते में परिवर्तन के लिए प्रक्रिया

(ङ) समनुदेशन/नामांकन/नामांकन में परिवर्तन के लिए प्रक्रिया

(च) पुनःप्रवर्तन (रिवाइवल) में सहायता करने के लिए प्रक्रिया

(छ) आंशिक आहरणों के लिए प्रक्रिया

(ज) अभ्यर्पण लाभ के दावों के लिए प्रक्रिया

(झ) मृत्यु पर दावों के लिए प्रक्रिया

(ञ) परिपक्वता पर दावों के लिए प्रक्रिया

(ट) उत्पादों के लिए विशिष्ट होनेवाले अन्य सेवा परिचालनों के लिए कार्यविधियाँ।

(8) बीमाकर्ता के बोर्ड अथवा बोर्ड द्वारा प्रत्यायोजित जोखिम समिति द्वारा विधिवत् अनुमोदित पॉलिसी सेवा नियम-पुस्तक (मैनुअल) में कोई भी संशोधन प्राधिकरण के पास फाइल किये जाएँगे।

(9) बीमाकर्ता सीएससी मॉडल के अंतर्गत निम्नलिखित किसी भी उत्पाद का प्रस्ताव करेंगेः

(i) नियमित प्रीमियम भुगतान से युक्त लाभरहित (नॉन-पार्टिसिपेटिंग) असंबद्ध (नॉन-लिंक्ड) परिवर्ती बीमा उत्पाद;

(ii) नियमित प्रीमियम भुगतान से युक्त विशुद्ध मीयादी बीमा उत्पाद;

(iii) प्राधिकरण द्वारा विशिष्ट रूप से अनुमति प्रदान किया जानेवाला किसी अन्य प्रकार का उत्पाद।

(10) उपर्युक्त बिंदु (9) में उल्लिखित उत्पाद प्राधिकरण द्वारा विनिर्दिष्ट रूप में विशेषताओं से युक्त होंगे।

(11) प्राधिकरण द्वारा दिनांक 28 जनवरी, 2014 के अपने परिपत्र सं. आईआरडीए/जीवन/सीआईआर/जीडीएल/044/01/2014 के अनुसार विनिर्दिष्ट 9(i) और 9(ii) पर उल्लिखित उत्पादों की विशेषताएँ लगातार वैध होंगी।

(12) फाइल एण्ड यूज़ आवेदन फार्म के साथ सीईओ और एए यह प्रमाणित करेंगे कि फाइल किये गये उत्पाद के संबंध में उपर्युक्त अपेक्षाओं का अनुपालन किया गया है।

(13) इस संबंध में बीमाकर्ता छमाही आधार पर फार्म जी में निर्धारित रूप में विवरणियाँ प्रस्तुत करेंगे।

2. साधारण बीमा

(**क**) सीएससी मॉडल के माध्यम से विक्रय किये जानेवाले साधारण बीमा उत्पाद निम्नानुसार हैः

(i) वैयक्तिक दुर्घटना बीमा

(ii) पशुधन बीमा

(iii) कृषि संबंधी पंप सेट बीमा

(iv) किसान के पैकेज की पॉलिसी

(v) अग्नि और संबद्ध जोखिमपूर्ण निवास बीमा

(vi) मोटर बीमा

(vii) स्वास्थ्य बीमा

(viii) प्राधिकरण द्वारा विशिष्ट रूप से अनुमति दिया जानेवाला किसी अन्य प्रकार का उत्पाद।

(**ख**) उपर्युक्त उत्पादों का विपणन सीएससी के माध्यम से निम्नलिखित शर्तों के अधीन किया जायेगाः

(i) प्रस्तुत करने के लिए प्रस्तावित उत्पाद के संबंध में प्राधिकरण को करार की प्रति के साथ आशय पत्र (लेटर ऑफ इंटेंट) को फाइल करना

(ii) उत्पाद के अंतर्गत प्रभारित प्रीमियम एवं अन्य शर्तें बिलकुल एफ एण्ड यू दिशानिर्देशों के अंतर्गत प्राधिकरण द्वारा सुविचारित उत्पाद के अनुसार ही होंगी।

(iii) उपर्युक्त उत्पादों के संबंध में देय अधिकतम कमीशन प्राधिकरण द्वारा जारी किये गये एजेंटों और बीमा मध्यवर्तियों को कमीशन अथवा पारिश्रमिक के भुगतान संबंधी विनियमों के अनुसार होगा।

(iv) इन उत्पादों के अंतर्गत प्रस्तावित की जानेवाली अधिकतम बीमित राशि 2 लाख रुपये तक सीमित होगी। बशर्ते कि पैकेज पॉलिसियों के मामलों में, 2 लाख रुपये की बीमित राशि की सीमा मोटर बीमा के लिए बीमित राशि को छोड़कर होगी।

(v) सामान्य रूप से प्राधिकरण द्वारा जारी किये गये सभी संबंधित नियमों और विनियमों तथा विशेष रूप से 64वीबी का सख्त अनुपालन अपेक्षित है।

(vi) उपर्युक्त बिन्दु (2) में उल्लिखित उत्पाद प्राधिकरण द्वारा विनिर्दिष्ट रूप में विशेषताओं से युक्त होंगे।

अनुसूची-IV

I. सीएससी-एसपीवी की आचरण-संहिता (विनियम 4.2 और 14.9)

1. सीएससी-एसपीवी व्यावसायिक आचरण के मान्यताप्राप्त मानकों का अनुसरण करेगा तथा पॉलिसीधारकों के हित में अपने कार्य करेगा।

2. ग्राहक संबंध से संबंधित विषयों में आचरण – सीएससी-एसपीवी आरएपी के माध्यम सेः

(क) हर समय ग्राहकों के साथ परम सद्भावना और सत्यनिष्ठा सहित अपना व्यवहार करेगा;

(ख) सावधानी और कर्मठता के साथ कार्य करेगा;

(ग) यह सुनिश्चित करेगा कि ग्राहक सीएससी-एसपीवी के साथ उनके संबंध को समझता है;

(घ) संभावित ग्राहकों द्वारा प्रदान की गई संपूर्ण जानकारी को अपने तक और उस/उन बीमाकर्ता(ओं) तक जिसको/जिनको व्यवसाय का प्रस्ताव किया जा रहा है, पूर्णतः गोपनीय रखेगा;

(ङ) अपने कब्जे में स्थित गोपनीय दस्तावेजों की सुरक्षा को बनाये रखने के लिए उपयुक्त कदम उठाएगा;

(च) यह समझेगा कि जिस ग्राहक के साथ व्यवहार किया जा रहा है वह किस प्रकार का है तथा जोखिम और बीमे के संबंध में ग्राहक की जागरूकता किस सीमा तक है;

(छ) हितों के संघर्ष से बचेगा;

(ज) `अपने ग्राहक को जानिए' (केवाईसी) मानदंडों के अंतर्गत अपेक्षित रूप में आवश्यक दस्तावेज प्राप्त करेगा;

3. विक्रय की प्रथाओं से संबंधित विषयों में आचरण- सीएससी-एसपीवी आरएपी के माध्यम से:

(क) इस बात की पुष्टि करेगा कि वह व्यवसाय प्राप्त करने के लिए एजेंटों अथवा अनुयाचकों को नियुक्त नहीं करता;

(ख) स्वयं पहचान करेगा तथा यथाशीघ्र प्रस्तावाधीन उत्पादों में विकल्प की मात्रा स्पष्ट करेगा;

(ग) यह सुनिश्चित करेगा कि जिस प्रकार की सेवा का वह प्रस्ताव कर सकता है उसे ग्राहक समझता है;

(घ) संभावित ग्राहक की आवश्यकताओं के लिए उपयुक्त पॉलिसी का प्रस्ताव करेगा;

(ङ) केवल उन्हीं विषयों के संबंध में परामर्श देगा जिनका वह जानकार है तथा जहाँ भी आवश्यक हो वहाँ अन्य विशेषज्ञ की सलाह माँगेगा अथवा उसकी सिफारिश करेगा;

(च) किसी भी बीमाकर्ता की गलत अथवा अनुचित आलोचना नहीं करेगा;

(छ) जहाँ भी संभव हो वहाँ यह दर्शाएगा कि कोई पॉलिसी अथवा पॉलिसियाँ क्यों प्रस्तावित हैं तथा जहाँ उत्पादों का विकल्प हो वहाँ कीमत, रक्षा अथवा सेवा के तौर पर तुलना उपलब्ध कराएगा;

(ज) हानि की स्थिति में अनुसरण की जानेवाली प्रक्रियाएँ समझाएगा;

(झ) किसी भी प्रकार के धन-शोधन (मनी लांडरिंग) संबंधी कार्यकलापों में लिप्त नहीं होगा;

(ञ) यह सुनिश्चित करेगा कि सीएससी-एसपीवी स्वयं अथवा गुमराह करनेवाले कॉलों अथवा छल-कपटपूर्ण कॉलों के द्वारा कॉल सेंटरों के माध्यम से व्यवसाय को प्राप्त करने में लिप्त नहीं होगा।

4. सूचना प्रस्तुत करने से संबंधित आचरण- सीएससी-एसपीवी आरएपी के माध्यम से:

(क) यह सुनिश्चित करेगा कि प्रकटीकरण न करने और गलत विवरण देने के परिणाम संभावित ग्राहक को बताये जाएँगे;

(ख) संभावित ग्राहक को प्रभावित करने से बचेगा और यह स्पष्ट करेगा कि जो उत्तर और वक्तव्य दिये गये हैं उन सभी का उत्तरदायित्व संभावित ग्राहक का है। ग्राहक से कहेगा कि वह दस्तावेजों में दी गई सूचना का विवरण सावधानीपूर्वक जाँच ले तथा ग्राहक से अनुरोध करेगा कि वह सही, उचित और पूर्ण प्रकटीकरण करे। जहाँ यह विश्वास हो कि ग्राहक ने ऐसा नहीं किया है और यदि आगे अतिरिक्त प्रकटीकरण नहीं किया जा रहा है, वहाँ उन्हें आगे और कार्य करने से इनकार करने पर विचार करना चाहिए;

(ग) ग्राहक को उन सभी अनुवर्ती परिवर्तनों का प्रकटीकरण करने का महत्व स्पष्ट करेगा जो पॉलिसी की पूरी अवधि के दौरान बीमे को प्रभावित कर सकेंगे;

(घ) अपने ग्राहक की ओर से अपनी जानकारी में निहित सभी महत्वपूर्ण तथ्य प्रकट करेगा तथा जोखिम का एक उचित प्रस्तुतीकरण करेगा।

5. बीमा संविदा के स्पष्टीकरण से संबंधित आचरण- सीएससी-एसपीवी आरएपी के माध्यम से:

(क) बीमा संविदा के अंतर्गत सहभागिता करनेवाले बीमाकर्ता(ओं) की सूची उपलब्ध कराएगा तथा उसके बाद घटित होनेवाले कोई भी परिवर्तन सूचित करेगा;

(ख) अपने द्वारा सिफारिश की गई पॉलिसी द्वारा वहन की गई रक्षा के अत्यावश्यक पहलू स्पष्ट करेगा ताकि जहाँ तक संभव हो, संभावित ग्राहक यह समझ सके कि क्या खरीदा जा रहा है;

(ग) पॉलिसी के अंतर्गत लागू की गई किसी भी वारंटी तथा पॉलिसी के अंतर्गत प्रमुख और असाधारण प्रतिबंधों और अपवर्जनों की ओर ध्यान आकर्षित करेगा तथा यह स्पष्ट करेगा कि संविदा कैसे निरस्त की जा सकती है;

(घ) किसी भी बीमा संविदा की शर्तों में परिवर्तन सूचित करेगा तथा किसी परिवर्तन के घटित होने से पहले उचित सूचना देगा।

6. पॉलिसियों के नवीकरण से संबंधित आचरण- सीएससी-एसपीवी आरएपी के माध्यम से यह सुनिश्चित करेगा कि उसका ग्राहक बीमा समाप्त होने की तारीख जानता है।

7. ग्राहक द्वारा दावे से संबंधित आचरण- सीएससी-एसपीवी आरएपी के माध्यम से:-

(क) अपने ग्राहकों को, दावों की सूचना तत्परतापूर्वक देने, सभी महत्वपूर्ण तथ्यों को प्रकट करने तथा परवर्ती घटनाओं को यथाशीघ्र सूचित करने का उनका दायित्व स्पष्ट करेगा;

(ख) ग्राहक से सही, उचित और पूर्ण प्रकटीकरण करने का अनुरोध करेगा जहाँ यह विश्वास हो कि ग्राहक ने ऐसा नहीं किया है;

(ग) दावे से संबंधित किसी भी आवश्यकता की सूचना ग्राहक को तत्परतापूर्वक देगा;

(घ) दावे के संबंध में अथवा दावा उत्पन्न करनेवाली किसी घटना के संबंध में ग्राहक से प्राप्त सूचना अविलंब आगे प्रेषित करेगा;

(ङ) दावे के संबंध में बीमाकर्ता के निर्णय अथवा अन्यथा स्थिति की सूचना अविलंब ग्राहक को देगा; तथा ग्राहक को अपने दावे का अनुसरण करने में हर संभव सहयोग प्रदान करेगा; बशर्ते कि सीएससी-एसपीवी ऐसी पॉलिसी संविदा के संबंध में वसूली कार्य स्वीकार नहीं करेगा जिसकी व्यवस्था उसके द्वारा नहीं की गई हो अथवा उसे ऐसी किसी पॉलिसी के संबंध में दावा परामर्शदाता के रूप में कार्य नहीं करना चाहिए जिसकी व्यवस्था उसके माध्यम से नहीं की गई हो।

8. शिकायतों की प्राप्ति से संबंधित आचरण- सीएससी-एसपीवी आरएपी के माध्यम से:-

(क) यह सुनिश्चित करेगा कि अनुदेश पत्रों, पॉलिसियों और नवीकरण प्रलेखों में शिकायतों पर कार्रवाई करने की प्रक्रियाओँ का विवरण निहित होगा;

(ख) फोन अथवा लिखित में प्राप्त शिकायतों को स्वीकार करेगा तथा उनके संबंध में यह सुनिश्चित करेगा कि वे शीघ्रातिशीघ्र बीमाकर्ता को प्रेषित किये जाएँगे;

(ग) यह सुनिश्चित करेगा कि प्रत्युत्तर भेजे जाएँगे तथा शिकायतकर्ता को यह सूचित करेगा कि उत्तर से असंतुष्ट होने की स्थिति में वह क्या कर सकता है।

9. प्रलेखीकरण से संबंधित आचरण- सीएससी-एसपीवी आरएपी के माध्यम से:-

(क) यह सुनिश्चित करेगा कि जारी किये गये किसी भी दस्तावेज के संबंध में समय-समय पर प्रचलित सभी सांविधिक अथवा विनियामक अपेक्षाओं का पालन किया जाए;

(ख) पॉलिसी दस्तावेज के साथ यह सूचना भी उपलब्ध कराएगा कि प्रलेखीकरण को सावधानीपूर्वक पढ़ लिया जाए और ग्राहक द्वारा रख लिया जाए;

(ग) किसी बीमा पॉलिसी के संबंध में प्राप्त सभी धनराशियों की प्राप्ति-सूचना देगा;

(घ) यह सुनिश्चित करेगा कि उत्तर तत्परतापूर्वक भेज दिया जाएगा अथवा समस्त पत्राचार के लिए तत्काल उत्तर प्राप्त करने के लिए अपनी ओर से सर्वोत्तम प्रयास करेगा;

10. विज्ञापन से संबंधित आचरण- सीएससी-एसपीवी बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (बीमा विज्ञापन और प्रकटीकरण) विनियम, 2000 के संबंधित उपबंधों के अनुरूप होगा, तथा:-

(क) यह सुनिश्चित करेगा कि दिये गये वक्तव्य भ्रामक अथवा असंयत नहीं हैं;

(ख) जहाँ उपयुक्त हो, वहाँ संविदागत लाभों, जिन्हें उपलब्ध कराने के लिए बीमा पॉलिसी बाध्य है, और असंविदागत लाभों, जिन्हें उपलब्ध कराया जा सकता है, के बीच भेद दिखलायेगा;

(ग) यह सुनिश्चित करेगा कि विज्ञापन केवल एक ही बीमाकर्ता की पॉलिसियों तक सीमित नहीं होंगे, केवल उन स्थितियों को छोड़कर जहाँ ऐसे प्रतिबंध के लिए कारण उस बीमाकर्ता के पूर्व-अनुमोदन के साथ पूर्णतः स्पष्ट किये जाते हैं;

(घ) यह सुनिश्चित करेगा कि विज्ञापनों में ऐसा कुछ नहीं होगा जिससे कानून का उल्लंघन हो तथा ऐसा कुछ भी नहीं छोड़ दिया जाएगा जो कानूनन अपेक्षित हो;

(ङ) यह सुनिश्चित करेगा कि विज्ञापन कानून की अवज्ञा अथवा उसके उल्लंघन को प्रोत्साहित नहीं करेगा अथवा उससे छूट नहीं देगा;

(च) यह सुनिश्चित करेगा कि विज्ञापनों में ऐसा कुछ भी नहीं होगा जो संभवतः शालीनता और मर्यादा के सामान्यतः प्रचलित मानकों के आलोक में गंभीर अथवा व्यापक अपराध का कारण बने अथवा जिसके कारण असामंजस्य की स्थिति उत्पन्न हो;

(छ) यह सुनिश्चित करेगा कि विज्ञापन इस प्रकार न बनाये जाएँ कि उनके कारण ग्राहकों के विश्वास का दुरुपयोग हो अथवा उनके अनुभव या ज्ञान की कमी का शोषण हो;

(ज) यह सुनिश्चित करेगा कि सभी विवरण, दावे और तुलनाएँ, जो वस्तुनिष्ठ रूप से जानने योग्य विषयों से संबंधित हैं, प्रमाणीकरण के लिए सक्षम होंगी।

11. पारिश्रमिक की प्राप्ति से संबंधित आचरण- सीएससी-एसवीपी आरएपी के माध्यम से:

(क) ग्राहक को बीमा प्रीमियम की सूचना लिखित में देगा;

(ख) यदि किसी ग्राहक ने अनुरोध किया हो तो पारिश्रमिक की राशि अथवा उस ग्राहक के लिए बीमा उत्पन्न करने के परिणामस्वरूप उन्हें प्राप्त होनेवाले अन्य पारिश्रमिक को प्रकट करेगा। इसके अंतर्गत ऐसा कोई भी भुगतान शामिल होगा जो बीमा संविदा की व्यवस्था के अतिरिक्त, ग्राहक की ओर से किसी भी सेवा को सुनिश्चित करने के फलस्वरूप प्राप्त किया गया हो; तथा

(ग) बीमे को कार्यान्वित करने से पहले ग्राहक के लिए संगृहीत किसी भी दावे की राशि से कोई भी कटौती करने का अपना उद्देश्य अपने ग्राहकों को सूचित करेगा, जहाँ यह संबंधित बीमे के प्रकार के लिए एक मान्यताप्राप्त प्रथा हो।

12. प्रशिक्षण से संबंधित विषयों के संबंध में आचरण- सीएससी-सीपीवी:

(**क**) यह सुनिश्चित करेगा कि उसका स्टाफ इस आचरण-संहिता द्वारा उनसे प्रत्याशित मानकों से अवगत हैं और वे उनका पालन करेंगे;

(**ख**) यह सुनिश्चित करेगा कि स्टाफ सक्षम हैं, उपयुक्त हैं तथा उन्हें पर्याप्त प्रशिक्षण दिया गया है;

(**ग**) यह सुनिश्चित करेगा कि उसके स्टाफ द्वारा दी गई सलाह की गुणवत्ता की निगरानी करने के लिए एक प्रणाली विद्यमान है;

(**घ**) यह सुनिश्चित करेगा कि आरएपी उनके कार्यकलापों को प्रभावित करनेवाले एजेंसी के कानून सहित विधि संबंधी अपेक्षाओं से अवगत हैं; तथा वे व्यवसाय की उन्हीं श्रेणियों को सँभालेंगे जिनमें वे सक्षम हैं;

(**ङ**) अधिनियम की धारा 41 की ओर ग्राहक का ध्यान आकर्षित करेगा, जो कमीशन में छूट और साझेदारी को प्रतिबंधित करती है;

13. कोई भी सीएससी-एसवीपी यह सुनिश्चित करेगा कि प्रत्येक आरएपी प्रत्येक कार्यालय में जहाँ वह व्यवसाय करता है और जहाँ जनसाधारण के लिए पहुँच है, इस आशय का एक नोटिस प्रदर्शित करेगा कि अनुरोध करने पर आचरण-संहिता की प्रति उपलब्ध है तथा यदि जनता का कोई सदस्य कोई शिकायत करना चाहता है अथवा किसी विवाद का समाधान करने में प्राधिकरण की सहायता की अपेक्षा करता है तो वह प्राधिकरण को लिख सकता है।

14. इन विनियमों में परिभाषित रूप में सीएससी-एसपीवी अधिनियम की धारा 42 के अधीन किसी बीमाकर्ता के बीमा एजेंट के रूप में कार्य नहीं करेगा।

15. सीएससी-एसपीवी बीमा अधिनियम, 1938 (1938 का 4), बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण अधिनियम, 1999 (1999 का 41), उनके अधीन बनाये गये नियमों और विनियमों के उपबंधों का पालन करेगा जो सीएससी-एसपीवी के रूप में उनके द्वारा किये जानेवाले कार्यकलापों पर लागू हों और उनसे संबंधित हों।

II. ग्रामीण प्राधिकृत व्यक्ति (आरएपी) की आचरण-संहिता (विनियम 14.9)

प्रत्येक ग्रामीण प्राधिकृत व्यक्ति:

(1) हर समय ग्राहकों के साथ परम सद्भावना और सत्यनिष्ठा के साथ अपना व्यवहार करेगा;

(2) उचित सावधानी और कर्मठता के साथ कार्य करेगा;

(3) ग्रामीण प्राधिकृत व्यक्ति के रूप में अपनी पहचान रखेगा और माँगने पर पंजीकरण प्रमाणपत्र संभावित ग्राहक को प्रस्तुत करेगा;

